संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-276 मंगलवार,06 अगस्त 2024, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये




# छत्तीसगढ़ सरकार घर तोड़िए या कार्यालय तोड़िए...इंकलाब होता रहेगा इंसाफ तक...अब तो बताईए मुख्यमंत्री जी...क्या छापें?

## कलम बंद...का सैंतीसवां दिन

### क्या प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री के लिए पूरे प्रदेश के लोगों से ऊपर उनके भतीजे हैं?

स्वास्थ्य मंत्री ने पत्रकारों को संरक्षण देने की बात कही...वहीं दूसरी तरफ भ्रष्टाचार पर जनसंपर्क अधिकारी को आगे कर समाचार-पत्र पर दबाव बनाने का कर रहे वह काम...ये कैसा संरक्षण?
कैसे पत्रकारों को मिलेगी सुरक्षा...कैसे समाचार-पत्र रह सकेंगे निष्पक्ष...जब उन्हे सच लिखने पर मिलेगी सजा?

# क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी?

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल महामहिम श्री रमन डेका से हस्तक्षेप की मांग...
क्या छापें आयुक्त सहसंचालक आईपीएस मयंक श्रीवास्तव साहब?
स्पष्ट कीजिए माननीय प्रधानमंत्री जी,स्पष्ट कीजिए माननीय मुख्यमंत्री जी छत्तीसगढ़ शासन,स्पष्ट कीजिए माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी छत्तीसगढ़ शासन...
गृहमंत्री जी,भारत सरकार क्या छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार को लेकर खबर प्रकाशन पर होगी समाचार पत्र पर कार्यवाही ?

## तुगलकी फरमान के विरूद्ध कलमबंद अभियान...

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के विभाग जनसंपर्क के द्वारा स्वास्थ्य मंत्री श्री श्यामबिहारी जायसवाल के विभाग से संबंधित समाचारों के प्रकाशन पर जनसंपर्क संचनालय के आयुक्त सह संचालक आईपीएस श्री मयंक श्रीवास्तव के मौखिक आदेश पर घटती-घटना के शासकीय विज्ञापन पर रोक लगाकर दबाव बनाने से लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के मूलभूत हक पर कुठाराघात के विरूद्ध कलमबंद अभियान...?






?






घटती-घटना के स्नेही पाठकों,विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को हो रही असुविधा के लिए खेद है...

संपादक :- अविनाश कुमार सिंह

CMYK

## खुला पत्र



-फाईल फोटो-
-फाईल फोटो-
-फाईल फोटो-

# मुख्यमंत्री जी के सलाहकारों की लंबी फेहरिस्त... क्या फिर भी मुख्यमंत्री को नहीं मिली सही सलाह?

## » सरगुजा संभाग के हैं मुख्यमंत्री जी के राजनीतिक सलाहकार...क्या वह भी सही सलाह नहीं दे पाए अपने मुख्यमंत्री को...

**» मुख्यमंत्री के लिए पूरा शासन करता है काम...क्या फिर भी शासन अपने ही मुख्यमंत्री को इस कार्यवाही करवा के सवालों के कुएं में धकेल दिया...**

**» क्या मुख्यमंत्री जी आपातकाल को नहीं समझ पाए... और सवाल पूछने के अधिकार पर ही कुद्ध हो गए...**

**» यदि मुख्यमंत्री ही अपने मंत्रियों को नहीं संभाल पा रहे... तो फिर कौन संभालेगा...?**


-रवि सिंह-

**रायपुर/अंबिकापुर,05 अगस्त 2024 (घटती-घटना)।** दैनिक घटती-घटना समाचार-पत्र कार्यालय पर साथ ही संपादक के प्रतिष्ठान पर प्रदेश सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन सरगुजा द्वारा की गई बेदखली साथ ही कार्यालय प्रतिष्ठान को जमींदोज करने की कार्यवाही 28 जुलाई दिन रविवार को सुबह 5 बजे से तब की गई जब संपादक पित्रशोक काल में गमगीन थे और सामाजिक,धार्मिक रूप से वह पिता की आत्मा शांति हेतु निर्धारित धर्म अनुसार नियमों का पालन कर रहे थे। कार्यवाही को लेकर प्रदेश सरकार खासकर मुख्यमंत्री के विशेष सलाहकार भी यह नहीं ध्यान रख सके की शोक संतप्त परिवार या व्यक्ति को शोक काल में सहुनुभूति की जरूरत होती है न की उसे दंड के दायरे में परिभाषित करने की जरूरत होती है तब जब ऐसा व्यक्ति मात्र आलोचक ही है कोई अपराधी या आतंकवादी उग्रवादी नहीं। प्रदेश के मुख्यमंत्री के वैसे तो कई सलाहकार हैं, वहीं एक तो सरगुजा संभाग के ही उनके सलाहकार हैं जिनकी पृष्ठभूमि आरएसएस की है जरूर लेकिन वह आरएसएस की विचारधारा के विपरीत विशुद्ध व्यापारी हैं और सूत्रों की माने तो उनका नर्सिंग कॉलेज भी संचालित है और जिस वजह से वह स्वास्थ्य मंत्री के तथाकथित भतीजे सूरजपुर के प्रभारी डीपीएम के जिसकी डिग्री ही डॉक्टरी की फर्जी है ऐसा आरोप है के उकसावे में आ गए और उन्होंने मुख्यमंत्री को ऐसा सलाह दे दिया जिससे मुख्यमंत्री एक समाचार-पत्र के ही पीछे सरकार और जिला प्रशासन को छोड़ बैठे और जिससे जिला प्रशासन भी समाचार-पत्र के पीछे पड़ गया और अपनी भड़ास लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के खिलाफ वह निकाल बैठा जो उसका दबा हुआ आक्रोश था जो या जैसा अवसर उसे बड़ी मुश्किलों से मिल पाता है।

बता दें कि मुख्यमंत्री के जिस सलाहकार की बात की जा रही है जो सरगुजा से ही आते हैं वह और प्रभारी डीपीएम सुरजपुर नर्सिंग कॉलेज संचालक हैं यह एक बड़ा जुड़ाव है जिस वजह से दैनिक घटती-घटना पर सरकार की तरफ से द्वेषवश कार्यवाही की गई क्योंकि एक ही पेशे से जुड़े होने के कारण दोनों की आपसी पहचान पहले से भी थी वहीं स्वास्थ्य मंत्री का भतीजा होने के नाते विशेष सलाहकार ने प्रभारी डीपीएम की शिकायत जो दैनिक घटती-घटना के खिलाफ की गई उसको लेकर तत्परता दिखाई गई और एक हफ्ते में ही सरकार के द्वारा एक कानून बदला गया और उसके तहत मात्र दैनिक घटती-घटना के कार्यालय और संपादक के प्रतिष्ठान पर कार्यवाही करवाई गई जल्दबाजी में जिससे पितृशोक काल में ही संपादक को उस गुस्ताखी की सजा दी जा सके जो उसने प्रभारी डीपीएम सूरजपुर के फर्जी डिग्री उसके भ्रष्टाचार और स्वास्थ्य मंत्री के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी के फर्जी दिव्यांग प्रमाण-पत्र के आधार पर नौकरी करने को लेकर समाचार का प्रकाशन किया था लगातार प्रकाशन किया था और जब इस मामले में दैनिक घटती-घटना समाचार पत्र खबरों की निरंतरता कायम रखे हुए थी तब उसका शासकीय विज्ञापन बंद कराया गया और उसके बाद जब समाचार पत्र ने कलम बंद अभियान चलाकर इसका विरोध किया लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को दबाने कुचलने के इस प्रयास का विरोध किया उसका कार्यालय संपादक का प्रतिष्ठान जमींदोज कर दिया गया। वैसे इस पूरे मामले में मुख्यमंत्री के खास सलाहकार सरगुजा निवासी आरएसएस से जुड़े एक व्यापारी किस्म के व्यक्ति का बड़ा हांथ है ऐसा बताया जा रहा है वहीं उस व्यक्ति को लेकर जो मुख्यमंत्री का विशेष सलाहकार बना है को लेकर यह भी बताया जा रहा है की आरएसएस से जुड़ाव उसका केवल व्यावसायिक स्वार्थ सिद्धि तक सीमित है न की समाज या हिंदू जागरण उसका उद्देश्य। वैसे भी जो व्यक्ति एक शोक संतप्त परिवार पर शोक काल में अंतिम कार्यक्रम आत्मा शांति के पूरी होने पूर्व अघात करने की सलाह किसी को दे वह किसी भी हाल में आरएसएस विचारधारा का नहीं हो सकता वह एक ढोंगी स्वार्थी ही हो सकता है। वैसे सवाल यह भी है की सरगुजा का सलाहकार कथित आरएसएस के नाम पर व्यापार करने वाला यह व्यक्ति ही मात्र मुख्यमंत्री का सलाहकार नहीं और भी उनके सलाहकार हैं वह ऐसे मामले में मुख्यमंत्री को उचित सलाह क्यों नहीं दिए जब उन्हें यह ज्ञात था की यह अनुचित है वहीं द्वेषजनित एक प्रहार है।


-फाईल फोटो-


-फाईल फोटो-


-फाईल फोटो-



### भ्रष्टाचार के आरोपी फर्जी डिग्री के आधार पर नौकरी करने के आरोपी की शिकायत पर संपादक पर हुई कार्यवाही...क्या अब मुख्यमंत्री उस पर भी करेंगे कार्यवाही?


दैनिक घटती-घटना समाचार पत्र के संपादक के प्रेस कार्यालय सहित उनके प्रतिष्ठान पर एक ऐसे व्यक्ति की शिकायत पर एक कानून रद्द कर कार्यवाही की गई जिसके ऊपर भ्रष्टाचार के भी आरोप हैं वहीं जिसकी डिग्री ही फर्जी होने का आरोप है शिकायत है जिसके आधार पर वह नौकरी में है। अब सवाल यह उठता है की क्या अब फर्जी डिग्रीधारी स्वास्थ्य मंत्री के भतीजे जिसके उपर भ्रष्टाचार के भी आरोप हैं कांग्रेस शासनकाल के दौरान भ्रष्टाचार कोरिया जिले के स्वास्थ्य विभाग में करने के खिलाफ भी क्या दंडनात्मक कार्यवाही सरकार करेगी उसे जेल भेजेगी या फिर आरएसएस से ताल्लुक रखने वाले मुख्यमंत्री के सरगुजा से आने वाले सलाहकार उसे बचा ले जायेंगे क्योंकि दोनों हम पेशा हैं और दोनों नर्सिंग कॉलेज संचालक हैं। वैसे स्वास्थ्य मंत्री के ओएसडी सरगुजा जिले के ही निवासी राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी पर भी क्या कार्यवाही होगी जिसकी नौकरी फर्जी दिव्यांग प्रमाण-पत्र के आधार पर लगी है और यह आरोप दिव्यांग संघ का है जिसमे उनके द्वारा एक सक्षम व्यक्ति द्वारा एक दिव्यांग के हक को मारने का आरोप है।

### तुलना बाकी देशों से करना है और प्रेस फ्रीडम को लेकर भारत की स्थिति 169 में स्थान पर


भारत देश के जितने भी प्रशासक हुए या जिन्हे भी प्रशासक बनने की लालसा है सभी हमेशा भारत को लेकर विदेशों से तुलना करते हैं और उसी प्रकार की स्थिति में सुविधाओं सहित स्वतंत्रता के मामले में ले जाने की बात करते हैं लेकिन जब प्रेस की स्वतंत्रता की बात आती है अभिव्यक्ति की आजादी की बात सामने आती है तब भारत की स्थिति 169 स्थान पर नजर आती है जो चिंता का विषय है।क्या मौखिक की राजनीतिक दल प्रेस को स्वतंत्रता देने की सुरक्षा देने की बात करते हैं उनकी मंशा जबकि इसके विपरित होती है। वैसे दैनिक घटती-घटना समाचार पत्र के सत्य से परेशान सरकार और जिला प्रशासन की कार्यवाही के बाद यह कहना ही उचित होगा कि देश से बड़ा सत्ताधारियों और नौकरशाहों के लिए उनका निज स्वार्थ है जो बिना भ्रष्टाचार पूरा नहीं होने वाला और जिसके बीच आने वाले को वह कुचलकर आगे बढ़ निकलने वाले हैं क्योंकि उन्हें केवल स्वार्थ पूर्ति करना है वरना दैनिक घटती-घटना जैसे समाचार पत्र हमेशा सरकारों और प्रशासन के हाशिए पर नहीं होते बल्कि उनकी खबरों पर कार्यवाहियां होती और भ्रष्टाचारी जेलों में होते न की उन्हे प्रभारी डीपीएम सूरजपुर, ओएसडी स्वास्थ्य मंत्री की तरह फर्जी तरह से नौकरी पाने के बावजूद भी संरक्षण मिलता।

### क्या लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को डराने के लिए की गई कार्यवाही जिससे आगे से और कोई ना लिख पाए सरकार की कमियों को?


दैनिक घटती-घटना कार्यालय सहित संपादक के प्रतिष्ठान पर सरकार और सरगुजा जिला प्रशासन की कार्यवाही केवल उन्हीं के लिए जायज कार्यवाही है जो सत्ता साथ भ्रष्टाचार में सहभागी हैं और जिन्हे भ्रष्टाचार के विरुद्ध समाचार सरकार की ही तरह नापसंद है और अस्वीकार है। वैसे सवाल यह उठता है क्या सत्ता और प्रशासन सरगुजा जिले का इतना भयभीत हो चुका था एक समाचार-पत्र के सत्य लेखन से भ्रष्टाचार के विरोध में समाचार प्रकाशन से की उन्हे इसका एक ही उपाय नजर आया वह था बुलडोजर कार्यवाही। वैसे प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मंत्री सहित जिला प्रशासन सरगुजा दैनिक घटती-घटना समाचार-पत्र कार्यालय पर बुलडोजर चलाकर काफी उत्साहित नजर आया आरंभ में लेकिन जब आलोचकों की आलोचनाएं उन तक पहुंची वह शर्मशार ही हुए यह भी देखा सुना गया। शोक संतप्त संपादक के विरुद्ध कार्यवाही के लिए जब पूरा सरगुजा जिला प्रशासन बुलडोजर और भारी पुलिसबल लेकर खड़ा था कार्यवाही उसके विरुद्ध उसके प्रतिष्ठान और उसके प्रेस कार्यालय के विरुद्ध कर रहा था तब वह जिस तरह हिंदू संस्कृति अनुसार अपने पिता के मृत्यु उपरांत के क्रिया कर्म और आत्मा शांति हेतु होने वाले कार्यक्रम को छोड़कर छुरी-लोटा लेकर पहुंचा तब जिला प्रशासन के अधिकारी और बुलडोजर कार्यवाही उसके सामने बौने नजर आ रहे थे और वह खुद को ही अपना मुंह चिढ़ा रहे थे। वैसे सरकार और जिला प्रशासन की यह कार्यवाही थी तो कलम को रुकवाने की और अन्य कलमकारों को भी चेताने की जिससे सभी सहम जाएं और भ्रष्टाचार के विरुद्ध लिखने से सम्हल जाएं। वैसे दैनिक घटती-घटना सरकार और सरगुजा जिला प्रशासन के ब्रह्मास्त्र प्रहार उपरांत भी अपने भ्रष्टाचार विरोधी अभियान मे जुटा है डटा है और डटा रहने वाला है।




**कलम बंद...का सैंतीसवां दिन**



**कलम बंद...का सैंतीसवां दिन**




समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

**घटती-घटना के स्नेही पाठकों,विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को हो रही असुविधा के लिए खेद है...**


संपादक :- अविनाश कुमार सिंह

## खुला पत्र

# क्या प्रकशित करें आयुक्त सहसंचालक आईपीएस मयंक श्रीवास्तव जी ?

अम्बिकापुर, 05 अगस्त 2024(घटती-घटना)। आपको जो कमियां दिखाई जा रही हैं...वह आपको पसंद नहीं आ रही हैं...आपके विभाग में कितनी कमियां हैं...यह शायद आपको दिख नहीं रहा और अखबार आपको दिखाना चाह रहा है...वह देखना नहीं चाहते ऐसे में क्या प्रकाशित करें..यह आपकी तय करें ? अखबार जो आपको कमियां दिख रहा है उस कमियों को आपको दूर करना था पर उसे कर्मियों को दूर करने के बजाय आप अखबार से पत्रकार से संपादक से आपको दिक्कत हो रही फिर आप यह समझिए कि आपसे जनता को कितनी दिक्कतें हो रही होंगी ?


# क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी ?




कलम बंद...का सैंतीसवां दिन

?

कलम बंद...का सैंतीसवां दिन




घटती-घटना के स्नेही पाठकों,विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को हो रही असुविधा के लिए खेद है...


संपादक :- अविनाश कुमार सिंह

## खुला पत्र

# देश के माननीय प्रधानमंत्री से भी सवाल...क्या भ्रष्टाचार के विरुद्ध छत्तीसगढ़ की प्रदेश सरकार के खिलाफ समाचार लिखना है अपराध?

**अम्बिकापुर,05 अगस्त 2024 (घटती-घटना)। माननीय मुख्यमंत्री से भी सवाल है...छत्तीसगढ़ में आपकी सरकार है...केंद्र में भी आपकी पार्टी की सरकार है...पर छत्तीसगढ़ में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को कमियां दिखाने से रोकने का भी प्रयास हो रहा है...यह प्रयास कहीं ना कहीं स्वस्थ लोकतंत्र को कमजोर करने का प्रयास है...जहां पर भाजपा सरकार से लोगों को बेहतर करने की उम्मीद होती है तो वहीं पर छत्तीसगढ़ में नवनिर्वाचित मंत्री,विधायक बे-लगाम हो चुके हैं...उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है उसे जिम्मेदारी को निभाने में असमर्थ दिख रहे हैं...उनकी कमियों को बताना उन्हें रास नहीं आ रहा इसलिए वह पत्रकार,संपादक का कलम बंद करने का प्रयास कर रहे हैं अब इस पर आप ही संज्ञान ले...और बताएं की संपादक व पत्रकार कौन सी खबर प्रकाशित करें?**

# क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी?




कलम बंद...का सैंतीसवां दिन

?

कलम बंद...का सैंतीसवां दिन




घटती-घटना के स्नेही पाठकों,विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को हो रही असुविधा के लिए खेद है...


संपादक :- अविनाश कुमार सिंह

खुला पत्र

# भारत में सच्चे पत्रकार को राजनीतिक पार्टियों से खतरा क्यों रहता है?

अम्बिकापुर,05 अगस्त 2024(घटती-घटना)। भारत अपने पत्रकारों को निडर होकर काम करने का स्वतंत्र तरीका प्रदान करने में बहुत पीछे है...इन दिनों...कुछ को छोड़कर...हर दूसरा पत्रकार वही खबर दे रहा है जो सरकार की प्रशंसा करती है...नए चैनल लोगों को सरकार द्वारा की गई गलती से विचलित करने के लिए विभिन्न विषयों पर अनावश्यक बहस दिखाएंगे...इसके कारण,अधिक महत्वपूर्ण मुद्दे हैं जो किसी का ध्यान नहीं जाता हैं...दूसरा कारण यह है कि पत्रकार अपने सिद्धांतों और मूल्यों को खो रहे हैं क्योंकि आज स्थिति ऐसी है कि स्थापना के खिलाफ विषयों पर बोलने या लिखने वाले पत्रकारों को धमकी देना,गाली देना और मारना कई अन्य देशों की तरह भारत में भी एक वास्तविकता बन गई है...देश और दुनिया को डरा दिया है...वहीं,पत्रकारों पर लगातार हो रहे हमलों की घटनाओं ने एक बार फिर उन्हें सुर्खियों में ला दिया है...जो पत्रकार देश और उसके आम नागरिकों के लिए लिखे वे मरे या प्रताड़ित हुए सरकारी तंत्रों के द्वारा...!


## क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी?




?

कलम बंद...का सैंतीसवां दिन

कलम बंद...का सैंतीसवां दिन




घटती-घटना के स्नेही पाठकों,विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को हो रही असुविधा के लिए खेद है...

संपादक :- अविनाश कुमार सिंह


## खुला पत्र

# क्या भ्रष्टाचार का मामला वहीं होगा दर्ज जहां होगी भाजपा से इतर दल की सरकार ?

- » भ्रष्टाचार की खबरों से दिक्कत...
- » कमी दिखाओ तो दिक्कत...
- » जनता की परेशानियों को दिखाओ तो दिक्कत...


अम्बिकापुर, 05 अगस्त 2024(घटती-घटना)। आखिर लोकतंत्र का चौथा स्तंभ करें तो क्या करें ? सरकारी तंत्र भ्रष्टाचार की ओर बढ़ रहे भ्रष्टाचार को उजागर करने पत्रकार दौड़ रहा पर पत्रकार की दौड़ के पीछे निर्वाचित जनप्रतिनिधि उसकी दौड़ की गति को कम करने का प्रयास कर रहे हैं,भ्रष्टाचार बढ़ता रहे पर पत्रकार ना दिखाएं क्या यही चाहता है जनप्रतिनिधि या फिर सरकारी तंत्र।

# क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी ?










घटती-घटना के स्नेही पाठकों,विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को हो रही असुविधा के लिए खेद है...

संपादक :- अविनाश कुमार सिंह

## संक्षिप्त खेल समाचार

### रोहित ने ध्वस्त किया सचिन तेंदुलकर का कीर्तिमान

**सभी भारतीय प्लेयर्स को पीछे छोड़कर हासिल किया नंबर-1 का ताज**

कोलंबो,05 अगस्त 2024। भारतीय टीम को श्रीलंका के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में 32 रनों से हार झेलनी पड़ी है। भारतीय टीम 241 रनों के टारगेट का पीछा करते हुए सिर्फ 208 रनों पर ही सिमट गई। दोनों टीमों के बीच पहला मुकाबला टाई रहा था। इस मैच में रोहित शर्मा को छोड़कर बाकी के बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम साबित हुए। उन्होंने मैच में अर्धशतक लगाया। लेकिन उनके आउट होते ही टीम इंडिया की बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। रोहित शर्मा भारत के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट में ओपनर के तौर पर सबसे ज्यादा फिफ्टी प्लस स्कोर बनाने वाले प्लेयर बन गए हैं। उन्होंने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। सचिन ने भारत के लिए ओपनर के तौर पर इंटरनेशनल क्रिकेट में 120 बार फिफ्टी प्लस स्कोर बनाया था। अब रोहित सभी भारतीय प्लेयर्स को पीछे करते हुए पहले नंबर पर पहुंच गए हैं।


रिकॉर्डधारी रोहित

**भारत के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा फिफ्टी प्लस स्कोर बनाने ओपनर्सः**

रोहित शर्मा- 121
सचिन तेंदुलकर- 120
वीरेंद्र सहवाग- 103
सुनील गावस्कर- 101
शिखर धवन- 79

### ग्राहम थोरपे का हुआ आकस्मिक निधन

**क्रिकेट जगत में छाई मायूसी**

बर्मिघम,05 अगस्त 2024। इंग्लैंड के पूर्व खिलाड़ी ग्राहम थोरपे का निधन हो गया है। वह काफी लंबे समय से बीमार थे। अब उनके निधन की पुष्टि इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने एक आधिकारिक बयान में की है। उन्होंने इंग्लैंड की टीम के लिए 100 से ज्यादा टेस्ट मैच खेले और अपने दम पर कई मैच जिताए थे। उनके निधन से क्रिकेट जगत को क्षति हुई है। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ट्वीट करते हुए लिखा कि हमें यह खबर साझा करते हुए बहुत दुख हो रहा है कि ग्राहम थोरपे का निधन हो गया है। ग्राहम की मृत्यु पर हमें जो गहरा सदमा महसूस हुआ है।



# श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए स्क्वॉयड का ऐलान

**» 14 प्लेयर्स को मिली जगह**

मैनचेस्टर,05 अगस्त 2024। इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज 3-0 से जीती थी। अब इंग्लैंड को श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलनी है, जो 21 अगस्त से शुरू होगी। इसके लिए टीम का ऐलान कर दिया गया है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स हैं। वहीं ओली पोप को उपकप्तान बनाया गया है। लेकिन चोट की वजह से इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जैक क्रॉली और तेज गेंदबाज डिलियन पेनिंगटन सीरीज से बाहर हो गए हैं। इंग्लैंड की टीम में ज्यादातर उन प्लेयर्स को जगह मिली है, जो वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में शामिल थे।

**चोट की वजह से बाहर हुए ये प्लेयर्स**

इंग्लैंड क्रिकेट ने अपनी प्रेस रिलीज में कहा कि वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दौरान ओपनर बल्लेबाज जैक क्रॉली की दाहिनी छोटी उंगली में फ्रैक्चर हो गया। वहीं गेंदबाज डिलियन पेनिंगटन जो वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट टीम में शामिल थे। वह द हंड्रेड टूर्नामेंट में खेलते समय हैमस्ट्रिंग की चोट की वजह से सीरीज से बाहर हो गए हैं। एसेक्स के जॉर्डन कॉक्स को काउंटी चैम्पियनशिप में शानदार सीजन के बाद पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है।



**टेस्ट टीम में तीन साल बाद लौटा ये प्लेयर**

डिलियन पेनिंगटन की जगह ओली स्टोन को टीम में शामिल किया गया है, जो तीन साल बाद टेस्ट टीम में लौटे हैं। ओली स्टोन ने पिछले कुछ समय से दमदार प्रदर्शन किया है। वह लंदन स्पिरिट के लिए हंड्रेड में अच्छी लय में नजर आए थे। इंग्लैंड की टीम श्रीलंका के खिलाफ पहला टेस्ट मैच 21 अगस्त को खेलेगी। वहीं दूसरा मुकाबला 29 अगस्त और तीसरा मैच 6 सितंबर को खेला जाएगा। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की प्वाइंट्स टेबल में अभी इंग्लैंड की टीम छठे नंबर पर मौजूद है। उनसे अभी तक 13 मैच ही खेले हैं, जिसमें से 6 में जीत, 6 में हार और एक मुकाबला ड्रॉ रहा है। इंग्लैंड का पीसीटी 36.54 है।

**इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच टेस्ट सीरीज का शेड्यूलः**

पहला टेस्टः 21-25 अगस्त 2024, मैनचेस्टर
दूसरा टेस्टः 29 अगस्त-2 सितंबर 2024, लंदन
तीसरा टेस्टः 6-10 सितंबर 2024, लंदन

**श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड की टेस्ट टीमः**

बेन स्टोक्स (कप्तान), डेनियल लॉरेंस, बेन डकेट, ओली पोप (उपकप्तान), जो रूट, जॉर्डन कॉक्स, हैरी ब्रूक, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, गस एटकिंसन, मार्क वुड, शोएब बशीर, ओली स्टोन, मैट पॉट्स।

# सेमीफाइनल में भारतीय हॉकी टीम का मुकाबला आज होगा जर्मनी से

**» विरोधी टीम के खिलाफ ऐसा है रिकॉर्ड**

पेरिस,05 अगस्त 2024। भारतीय हॉकी टीम ने शानदार अंदाज में ग्रेट ब्रिटेन को पेनाल्टी शूटआउट में 4-2 से हरा दिया है। इसी के साथ हॉकी टीम ने सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली है। ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ पीआर श्रीजेश सबसे बड़े हीरो साबित हुए। वह ब्रिटेन और गोल के बीच में सबसे बड़ी दीवार बन गए। उन्होंने अहम मौकों पर गोल बचाए और टीम इंडिया को जीत दिला दी। क्वार्टर फाइनल में एक समय दोनों टीमें बराबरी पर थीं। पर पेनाल्टी शूटआउट में भारतीय टीम अंग्रेजों की टीम पर भारी पड़ी और लगातार दूसरी बार ओलंपिक के सेमीफाइनल में एंट्री कर ली है।

सेमीफाइनल में भारतीय टीम का सामना जर्मनी से 6 अगस्त को होगा। ये मुकाबला भारतीय समयानुसार रात 10.30 बजे से खेला जाएगा। पिछले ओलंपिक में टीम इंडिया ने जर्मनी को हराकर ही ब्रॉन्ज मेडल जीता था। इस बार हॉकी के धुरंधरों को जर्मनी से चुनौती सेमीफाइनल में मिलेगी। जर्मनी ने क्वार्टर फाइनल में अर्जेंटीना की टीम को 3-2 से हराया है और सेमीफाइनल में पहुंची है। भारत और जर्मनी के बीच हॉकी में 106 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें से 26 में भारत और 53 में जर्मनी की टीम ने बाजी मारी है। 27 मुकाबले ड्रॉ रहे हैं।



दूसरा सेमीफाइनल नीदरलैंड्स और स्पेन के बीच खेला जाएगा। स्पेन ने क्वार्टर फाइनल में पिछले ओलंपिक की गोल्ड मेडल विनर बेल्जियम को 3-2 से हराया है। स्पेन ने मैच के आखिरी पांच में दो गोल किए और बेल्जियम को पटखनी दी है। दूसरी तरफ नीदरलैंड्स की टीम ने पिछले ओलंपिक की रजत पदक विजेता ऑस्ट्रेलिया को धूल चटाई है। नीदरलैंड्स ने मैच 2-0 से जीता है।

**भारतीय हॉकी टीम ने ओलंपिक में जीते हैं कुल 8 गोल्ड**

ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मुकाबले में भारतीय हॉकी टीम के अमित रोहिदास को रेड कार्ड दिखाया गया था। इसी वजह से भारत को 10 प्लेयर्स के साथ खेलना पड़ा था। ब्रिटेन के खिलाफ कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पहले गोल किया। इसके बाद ब्रिटेन के ली मोर्टन ने गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। 10 प्लेयर्स के साथ भारत ने गजब का डिफेंस किया और बेहतरीन प्रदर्शन किया। ओलंपिक के इतिहास में भारतीय हॉकी टीम सबसे ज्यादा गोल्ड मेडल जीतने वाली टीम है। टीम ने 8 गोल्ड मेडल जीते हैं।

**पेरिस ओलंपिक 2024 में हॉकी के सेमीफाइनल का ये है शेड्यूलः**

नीदरलैंड बनाम स्पेन - 6 अगस्त को शाम 5:30 बजे आईएसटी
जर्मनी बनाम भारत - 6 अगस्त को रात 10:30 बजे आईएसटी

## दिनेश कार्तिक बने दक्षिण अफ्रीका 20 लीग के एम्बेसडर

वेनेजुएला,05 अगस्त 2024। दक्षिण अफ्रीका 20 ने सोमवार, 5 अगस्त को घोषणा की कि दिनेश कार्तिक नए लीग एम्बेसडर के रूप में शामिल होंगे। कार्तिक अपने पूर्व आरसीबी साथी एबी डिविलियर्स के साथ लीग के एम्बेसडर के रूप में शामिल होंगे, जो लगातार बढ़ रहा है। कार्तिक ने आईपीएल 2024 के बाद खेल से संन्यास ले लिया था और आईपीएल 2025 से पहले आरसीबी में बैटिंग मेंटर के रूप में शामिल हो गए थे। कार्तिक कमेंटेटर के रूप में काम करना जारी रखेंगे और अब एसए 20 के साथ अपना काम आगे बढ़ाएंगे। एक बयान में, लीग ने कहा कि कार्तिक की विशाल क्रिकेट विशेषज्ञता लीग के लिए एक रोमांचक विकास है और वह लीग के वैश्विक प्रशंसक आधार को मजबूत करने के लिए डिविलियर्स और प्रबंधन के साथ मिलकर काम करेंगे।




**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

No. BSP/C/PUBLIC AUCTION/7/2024 Dated : 24.07.2024

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल एततद्वारा सभी आम जनता, पुलिस और आरटीओ आदि जैसे सरकारी अधिकारियों की जानकारी के लिए सूचित करते है कि बिलासपुर स्टेशन दो पहिया मोटर वाहन पार्किंग परिक्षेत्र टीआरडी कार्यालय के सामने (बिलासपुर स्टेशन गेट न. 4 के पास ) निम्नलिखित लावारिस और अदावेदार दोपहिया मोटर वाहन लम्बे अवधी से रखे हुये है। रेलवे वाणिज्यिक विभाग ने इन लावारिस वाहनों के कब्जे वाली जगह को खाली करने के लिए सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से इन वाहनों का निपटान करने का निर्णय लिया है। इन वाहनो के मालिक वाहनों के स्वामित्व का प्रमाण प्रस्तुत करने के साथ आवश्यक शुल्क भुगतान कर वाहन की सुपुर्दगी ले सकते है ।

यदि सुचना प्रकाशित होने के एक माह के अन्दर वाहनों पर स्वामित्व का दावा नही किया जाता है तो बादमे इन वाहनों के सम्बन्ध मे किसी भी दावे पर विचार नही किया जायेगा और रेलवे किसी भी तरह से इन वाहनों के लिए किसी भी दावे या मुआवजे का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी नही होगा । इन वाहनों के लिए स्वामित्व का दावा करने वाले व्यक्ति स्वामित्व स्थापित करने के लिए आवश्यक सबूत के साथ मुख्य पार्सल पर्यवेक्षक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर से किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 10.00 बजे से शाम 5.00 बजे के बीच सम्पर्क कर सकते है ।

**सुचना तिथी** : 02.08.2024, **नीलामी तिथी** : 11.09.2024, **नीलामी स्थल** : बिलासपुर स्टेशन दो पहिया मोटर वाहन पार्किंग परिक्षेत्र टीआरडी कार्यालय के सामने (बिलासपुर स्टेशन गेट न. 4 के पास ), **नीलामी संचालन अधिकारी** : मंडल वाणिज्य प्रबन्धक / दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

**वाहनों कि सूची नीचे दी गई है ।**

| S.N. | Vehicle No. | Model/Make | S.N. | Vehicle No. | Model/Make |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | CG10EC7797 | Discover Bajaj | 77 | CG16C2506 | Splendor |
| 2 | CG10EA8833 | Honda Activa | 78 | TN38H4573 | Scooty TVS |
| 3 | CG4CM4118 | CT 100 Bajaj | 79 | CG10EJ1177 | Passion Pro |
| 4 | CG10AL7826 | TVS Sport | 80 | UP82N2695 | Passion Pro |
| 5 | CG10EP0794 | Splender | 81 | CG06B1747 | TVS BTI 125 |
| 6 | CG04J3202 | Scooter Bajaj | 82 | UP60H0379 | Deluxe |
| 7 | CG13ZE4813 | CT 100 Bajaj | 83 | CG04CH2987 | TVS Sport |
| 8 | CG10BC2736 | Yamaha | 84 | CG12G9721 | Splendor |
| 9 | CG04K3588 | Hero Honda Boss | 85 | CG10EC3284 | Bajaj Discover |
| 10 | CG10BB5298 | Honda Activa | 86 | CG12Z9497 | Suzuki |
| 11 | CG10BB5369 | Passion Pro | 87 | CG05BB1885 | CD100 |
| 12 | CG10AP2458 | CT 100 Bajaj | 88 | CG10EH0640 | CD Deluxe |
| 13 | CG10EA2065 | Honda Activa | 89 | CG11B2530 | Passion Plus |
| 14 | CG13S9430 | Splendor | 90 | MP26GB0754 | Luna |
| 15 | CG12AQ9144 | Unicorn | 91 | CG10BA6146 | Hero Honda Passion |
| 16 | CG04 DP9093 | Brazer | 92 | CG10E7224 | Honda Unicorn |
| 17 | CG10BA6902 | Passion | 93 | CG04DD1370 | Passion Pro |
| 18 | MP04NN4750 | TVS Victor | 94 | CG07K9205 | Passion Plus |
| 19 | CG12BA7234 | Bajaj Platina | 95 | CG12AB3856 | Pulsar 220 |
| 20 | MP20ML4655 | CBZ Hero Honda | 96 | CG10BA0709 | TVS MX 100 |
| 21 | CG10BA5456 | CD Down | 97 | MP35B1960 | Suzuki |
| 22 | CG07AQ5587 | Pulsar 150 | 98 | CG10BB9617 | Honda Activa |
| 23 | CG04CP1900 | TVS Star | 99 | CG10R7887 | Bajaj (K) |
| 24 | CG10EE9129 | Splendor Hero Honda | 100 | CG10BA7926 | Hero Honda |
| 25 | CG10EN3018 | Hero CD Deluxe | 101 | CG10E7963 | Tvs Victor |
| 26 | CG10EN1712 | Bajaj Platina | 102 | CG10ZK7779 | Scooter |
| 27 | CG11BA9184 | Splendor Hero Honda | 103 | CG04ZM4658 | Scooter |
| 28 | CG10NC5820 | CD Down | 104 | CG10EB524 | Bajaj Platina |
| 29 | CG07LF1485 | Passion | 105 | CG10B9552 | Hero Honda |
| 30 | CG04LN5565 | Splendor Hero Honda | 106 | CG-3742 | Activa |
| 31 | CG11ZE5831 | Bullet Bajaj | 107 | CG4CP4900 | TVS |
| 32 | CG13P9902 | Honda Activa | 108 | CG10EM4420 | Hero Honda Splendor |
| 33 | CG13H3509 | Bajaj Discover | 109 | CG7LR9277 | Hero Honda Splendor |
| 34 | CG4K5753 | Hero CD Deluxe | 110 | CG10BC1478 | Hero Honda |
| 35 | CG04AA0328 | CD Down | 111 | MP28MH4771 | Honda Dream |
| 36 | CG10NC0890 | Activa Honda | 112 | CG10EC3248 | Bajaj Discover |
| 37 | AP04AE7757 | Bajaj Discover | 113 | CG10EE6355 | Access 125 |
| 38 | CG10EN9082 | CBZ Hero Honda | 114 | MH32F2896 | Kinetic |
| 39 | CG10922 | Scooty Pep | 115 | MH31BV8466 | H.H.Splendor |
| 40 | CG10BB2783 | CD Down | 116 | CG07LB6055 | Platina |
| 41 | CG10NA0314 | Pleasure | 117 | CG04M4118 | Bajaj CT 100 |
| 42 | CG10EM0277 | Hero Deluxe | 118 | Registration No. not available | TVS Bike (Press) |
| 43 | CG10EQ2689 | Hero Splender | 119 | | Freedom Bike TVS |
| 44 | CG16CA1488 | Platina | 120 | | Luna TFR |
| 45 | CG10ED0813 | Hero Honda | 121 | | LML Scooter |
| 46 | CG10H2170 | TVS Excel | 122 | | Hero Hon.Splender |
| 47 | CG10EP8539 | Tvs | 123 | | TVS Star Sports |
| 48 | CG13ZH7607 | LML Freedom | 124 | | Kinetic Luna |
| 49 | CG10EC3255 | Hero Honda CD Dawn | 125 | | Bajaj Super Scooter |
| 50 | CG10W0506 | Honda Sign | 126 | | Scootey Pep+ |
| 51 | CG04ZJ6916 | Scotty ES | 127 | | Luna TFR |
| 52 | CG11CD7963 | TVS Sport | 128 | | H. Honda Delux |
| 53 | CG10BB6374 | Splendor | 129 | | Kinetic Luna |
| 54 | AP31Q6009 | Yamaha | 130 | | H. Honda Splendor |
| 55 | CG10ZE3825 | Suzuki | 131 | | Yamaha Bike |
| 56 | CG10E8064 | Honda Activa | 132 | | Tvs Scooty |
| 57 | CG10BA3789 | TVS Excel | 133 | | Honda Pleasure |
| 58 | MP09MJ6068 | TVS Star | 134 | | LML Scooter |
| 59 | CG10EF5800 | Honda Stunner | 135 | | TVS Pep+ |
| 60 | MP20KE3928 | CBZ Hero | 136 | | Yamaha RX 100 |
| 61 | CG13M4233 | Splendor | 137 | | Activa |
| 62 | CG10E3797 | CT100 | 138 | | H. Honda Splendor |
| 63 | CG04CL6247 | Passion | 139 | | Suzuki Max-100 |
| 64 | CG10ZK3575 | Splendor | 140 | | Scooty Pep TVS |
| 65 | CG09A6870 | CT100 | 141 | | Activa |
| 66 | CG116847 | TVS | 142 | | Access 125 Scooter |
| 67 | CG10ZK2245 | Splendor | 143 | | Chetak Bajaj Scooter |
| 68 | CG10EA3880 | Discover | 144 | | Scooty Pep |
| 69 | CG105686 | Kinetic Style | 145 | | Bajaj Discover |
| 70 | CG10B1397 | Yamaha Crux | 146 | | Scooter |
| 71 | CG04CF5815 | CD Down | 147 | | Scooter |
| 72 | CG101181 | Scooty | 148 | | Honda Unicorn |
| 73 | MP04MU589 | Bajaj Scooter | 149 | | Scooty Pep |
| 74 | CG07ZE0322 | Honda SS | 150 | | KTM Bajaj 390 |
| 75 | CG136924 | Passion | 151 | | Scooty Pep |
| 76 | UP81K6542 | Passion Pro | | | |

सीपीआर/10/AM/171 वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

RO No.73 Date 05.08.2024


## आर अश्विन ने पहली बार टीएनपीएल खिताब जीता



चेन्नई ,05 अगस्त 2024। भारत के अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने चेन्नई में गत चैंपियन लाइका कोवाई किंग्स पर छह विकेट से जीत के साथ डिंडीगुल ड्रैगन्स को उनके पहले तमिलनाडु प्रीमियर लीग (टीएनपीएल) खिताब पर पहुंचाने के लिए अपने हरफनमौला कौशल का प्रदर्शन किया। पहले गेंदबाजी करने का विकल्प चुनने वाले कप्तान अश्विन की रणनीति कारगर साबित हुई क्योंकि लाइका कोवाई किंग्स को चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने में संघर्ष करना पड़ा और वे 20 ओवरों में केवल 129/7 रन ही बना सके। राम अरविंद (27), अतीक उर रहमान (25) और एस सुजय (22) के उल्लेखनीय योगदान के बावजूद किंग्स के बल्लेबाज क्रीज पर खुद को स्थापित नहीं कर सके। डिंडीगुल के गेंदबाजों ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिसमें संदीप वारियर (2/26), वरुण चक्रवर्ती (2/26) और पी विग्नेश (2/15) ने विकेट लिए। अश्विन ने हालांकि विकेट नहीं लिया, लेकिन उन्होंने कसी हुई गेंदबाजी की और अपने चार ओवरों में केवल 13 रन दिए। 130 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए डिंडीगुल ड्रैगन्स को शुरुआती झटके लगे और दो विकेट जल्दी गिर गए। हालांकि, तीसरे नंबर पर आए अश्विन ने पारी को संभाला। उन्होंने 46 गेंदों पर 52 रन बनाए और टूर्नामेंट में अपना लगातार तीसरा अर्धशतक बनाया। इसके बाद वे 18वें ओवर की शुरुआत में आउट हो गए।

## क्लोजिंग सेरेमनी में भारत की ध्वजवाहक होंगी मनु भाकर

पेरिस,05 अगस्त 2024। स्टार निशानेबाज मनु भाकर को पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत का ध्वजवाहक चुना गया है। 22 वर्षीय मनु ने पेरिस में खेलों के एक ही संस्करण में दो ओलंपिक पदक जीतकर इतिहास रच दिया। मनु ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत की पदक तालिका में पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने सरबजोत सिंह के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में एक और कांस्य पदक जीता। वह तीन ओलंपिक पदक जीतने वाली एकमात्र भारतीय बनकर इतिहास रचने की कगार पर थीं, लेकिन महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में वह मामूली अंतर से चूक गईं। भारत के ओलंपिक संघ के एक अधिकारी ने मनु के भारत का ध्वजवाहक होने के बारे में खुलासा किया और पेरिस ओलंपिक 2024 में असाधारण प्रदर्शन करने के लिए उनकी प्रशंसा की। मनु ने भी आभार व्यक्त किया और कहा कि उन्हें यह जिम्मेदारी दिए जाने पर गर्व है। पेरिस ओलंपिक 2024 का समापन समारोह 11 अगस्त, रविवार को होगा। 22 वर्षीय मनु ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पीवी सिंधु और नॉर्मन प्रिचर्ड सहित कुलीन खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गई हैं। आईओए के एक अधिकारी ने बताया, हां, मनु को ध्वजवाहक चुना गया है। उसने असाधारण प्रदर्शन किया है और वह इस सम्मान की हकदार है। दल में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो अधिक हकदार हैं, लेकिन अगर मुझसे पूछा जाए तो यह वास्तव में सम्मान की बात होगी।





## श्रद्धा कपूर और राहुल मोदी का ब्रेकअप?

**बॉयफ्रेंड से तोड़े सारे रिश्ते-नाते, परिवार से भी दूरी बनाने का दावा!**

बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि उनका ब्रेकअप हो गया है। दावा किया जा रहा है कि उन्होंने रूमर्ड बॉयफ्रेंड राहुल मोदी से सारे रिश्ते-नाते तोड़ लिए हैं। यहां तक कि राहुल के परिवार से भी दूरी बना ली है। अभी तक इस बारे में कुछ भी ऑफिशियल सामने नहीं आया है, लेकिन स्त्री 2 की रिलीज से पहले एक्ट्रेस और उनके फैंस के लिए ये दुखभरी खबर से कम नहीं है।सोनू के टीटू की स्वीटी, प्यार का पंचनामा और तू झूठी मैं मक्कार जैसी फिल्मों में काम कर चुके राहुल मोदी पेशे से राइटर हैं। उनकी श्रद्धा से पहली मुलाकात तू झूठी मैं मक्कार के सेट पर ही हुई थी। दोनों के बीच पहले दोस्ती हुई और फिर ये दोस्ती प्यार में बदल गई। इसी साल मार्च महीने में अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट ने गुजरात के जामनगर में प्री-वेडिंग पार्टी होस्ट की थी, जिसमें श्रद्धा और राहुल साथ नजर आए थे।

## अपनी गलती से ही बर्बाद नहीं हुए थे राजेश खन्ना

**मुमताज ने फिल्ममेकर्स को ठहराया जिम्मेदार, बताया क्या हुआ था**

राजेश खन्ना को हिंदी सिनेमा का पहला सुपरस्टार कहा जाता था। लड़कियां उनकी दीवानी थीं और उनकी कार को भी चूमने लगी थीं। फिल्ममेकर्स भी राजेश खन्ना के लिए लाइन लगाए रहते थे। लेकिन फिर वह वक्त भी आया, जब राजेश खन्ना का स्टारडम गिरता चला गया और उनका पतन हो गया। स्थिति ऐसी हो गई थी कि राजेश खन्ना को बी-ग्रेड फिल्में तक करने को मजबूर होना पड़ा था। मुमताज ने हाल ही एक इंटरव्यू में राजेश खन्ना के डाउनफॉल और गिरे स्टारडम पर बात की, और इसके लिए प्रोड्यूसर्स-डायरेक्टर्स को भी जिम्मेदार ठहराया। मुमताज ने 11 साल की उम्र में एक्टिंग डेब्यू किया था और बतौर हीरोइन कई एक्टर्स संग फिल्में कीं। उनकी सबसे हिट जोड़ी राजेश खन्ना के साथ बनी थी। दोनों ने साथ में 10 फिल्मों में काम किया था, और वो सभी हिट रही थीं। मुमताज ने देखा था कि राजेश खन्ना का स्टारडम कैसे लुढ़कता चला गया था और फिर उनका पतन हो गया। पर एक्ट्रेस के मुताबिक, इसमें सिर्फ उन्हीं की गलती नहीं थी।



मुमताज ने रेडिफ को दिए इंटरव्यू में राजेश खन्ना के स्टारडम और डाउनफॉल पर बात की और कहा कि इसमें सिर्फ राजेश खन्ना की गलती नहीं थी। वह बोलीं, हम स्टार्स जो कुछ भी हैं, आपके प्यार की वजह से हैं। आपके प्यार के बिना हम कुछ भी नहीं हैं। यह पूरी तरह से राजेश खन्ना की गलती नहीं थी। मुझे याद है जब उनका तगड़ा क्रेज था। मेरा बंगला उनके बंगले के बहुत करीब था। मैंने बड़े-बड़े प्रोड्यूसर्स और डायरेक्टर्स को उनके चमचों की तरह व्यवहार करते देखा है। उनकी गर्लफ्रेंड अंजू महेंद्रू पूरी रात मेजबान बनी रहती थीं। वह सुबह तीन बजे तक खाना-पीना परोसती रहती थीं। मैंने शम्मी कपूर के घर में भी रात भर चलने वाले ऐसे ही सेशन देखे थे। वह मेहमानों पर बहुत पैसा खर्च करते थे।

**राजेश खन्ना के डाउनफॉल पर यह बोले थे प्रेम चोपड़ा**

वहीं, प्रेम चोपड़ा ने भी राजेश खन्ना के डाउनफॉल पर कुछ बातें बताई थीं। उन्होंने साल 2023 में बातचीत में कहा था कि राजेश खन्ना को फिल्म में लेने के लिए प्रोड्यूसर्स उनके घर के बाहर लाइन लगाए रहते थे। पर ऐसे लोगों ने उन्हें गलत तरह समझा लिया था। प्रेम चोपड़ा के मुताबिक, राजेश खन्ना कुछ दिक्कतों का सामना कर रहे थे, और उन्हीं के कारण अपना स्टारडम खो बैठे थे।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी(रा.) अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0 /अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रज्ञा श्रीवास्तव पत्नी अभिषेक श्रीवास्तव जाति कायस्थ निवासी मेन रोड झिंगो तहसील राजपुर जिला बलरामपुर (छ0ग0)के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधित्य की भूमि स्थित ग्राम फुन्दुरडिहारी तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0)खसरा नंबर 120/139 रकबा 0.060 हे0 में से 0.040 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1,खसरा, नक्शा, ले-आउट, नमुना छः(जी)भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र,रजिस्ट्री प्रति, आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोईआपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 16/08/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 31/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी(रा.) अम्बिकापुर,

## खुला पत्र

# तुगलकी फरमान के विरूद्ध कलमबंद अभियान

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के विभाग जनसंपर्क के द्वारा स्वास्थ्य मंत्री श्री श्यामबिहारी जायसवाल के विभाग के संबंधित समाचारों के प्रकाशन पर जनसंपर्क संचनालय के आयुक्त सह संचालक आईपीएस श्री मयंक श्रीवास्तव के मौखिक आदेश पर घटती-घटना के शासकीय विज्ञापन पर रोक लगाकर दबाव बनाने से लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के मूलभूत हक पर कुठाराघात के विरूद्ध कलमबंद अभियान...के पन्द्रहवें दिन भी केंद्र सरकार से अनुमोदित विज्ञापन नियमावली के आदेश को ठेंगा दिखाने वाले जनसंपर्क विभाग के द्वारा कोई प्रतिक्रिया नहीं देने के पीछे किसका हाथ...

# क्या छापें स्वास्थ्य मंत्री जी ?

## क्या छापें आयुक्त सहसंचालक आईपीएस मयंक श्रीवास्तव जी ?




## क्यूं न लिखें सच ?

माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी 25 जून को संविधान हत्या दिवस छत्तीसगढ़ में नहीं मनाया जायेगा क्या?

इमरजेंसी पर बात...हर बात पर आरोप...तो छत्तीसगढ़ में एक आईपीएस के तुगलकी फरमान पर आदिवासी अंचल से विगत 20 वर्षों से प्रकाशित अखबार पर क्यों किया जा रहा है जुर्म...?

क्यों कलमबंद आंदोलन के लिए विवश होना पड़ा एक दैनिक अखबार को...?

## छत्तीसगढ़ सरकार घर तोड़िए या कार्यालय तोड़िए...इंकलाब होता रहेगा इंसाफ तक...

## अब तो बताईए मुख्यमंत्री जी...क्या छापें ?

**घटती-घटना के स्नेही पाठकों,विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को हो रही असुविधा के लिए खेद है...**

संपादक :- अविनाश कुमार सिंह

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)